बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल
सन्मार्ग

मंगलवार
7 मई, 2019

6 सन्मार्ग

# आसनसोल -दुर्गापुर

## दिल्ली पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम रहा



**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल के कुल 21 विद्यार्थियों ने माध्यमिक परीक्षा दी थी। सभी विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे। स्कूल के एस आकाश 95.80 अंक, आशीष कुमार व मोहित कुमार गुप्ता 90 फीसदी अंक तथा अभिरूप शरण 87.80 अंक पाकर स्कूल टॉपर बने। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए हुए सफल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के बेहतर माहौल के साथ-साथ कई और प्रशिक्षण दिये जाते हैं।